Name......................

Roll N....................

# प्री-बोर्ड परीक्षा-2025

## कक्षा-10 ( हिन्दी )

AB/25000

**समय: 3: 15 मिनट |** **[ पूर्णांक : 70**

निर्देश- प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिये निर्धारित है।

नोट- (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख निर्दिष्ट हैं।

### खण्ड (अ) बहुविकल्पीय प्रश्न

1. 'सज्जन, चन्द्रगुप्त, स्कंदगुप्त, ध्रुवस्वामिनी' किस विधा की रचनाएं है- 1

(A) कहानी (B) उपन्यास

(C) नाटक (D) निबन्ध।

2. 'चिन्तामणि व विचारवीथी' के रचयिता हैं- 1

(A) डॉ० रामकुमार वर्मा (B) जयशंकर प्रसाद

(C) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल (D) प्रेमचन्द।

3. निम्न में से भक्तिकाल की रचना नहीं है- 1

(A) कामायनी (B) विनयपत्रिका

(C) रामचरितमानस (D) सूरसागर

4. 'दीपशिखा' काव्य संग्रह रचना है- 1

(A) पन्त की (B) जयशंकर प्रसाद की

(C) महादेवी वर्मा की (D) निराला की।

5. 'रूस में पच्चीस मास' यात्रावृत्त के लेखक हैं- 1

(A) डॉ० नगेन्द्र (B) प्रभारकर माचवे

(C) रामवृक्ष बेनीपुरी (D) राहुल सांकृत्यायन।

6. निम्नलिखित में से महावीर प्रसाद द्विवेदी द्वारा सम्पादित पत्रिका है- 1

(A) सरस्वती (B) इन्दु

(C) आनन्द कादम्बिनी (D) भारत-दुर्दशा।

7. रामचरितमानस व पद्मावत किस भाषा में लिखा गया है- 1

(A) अवधी (B) ब्रजभापा

(C) खड़ीबोली (D) फारसी।

8. तुलसीदास किस काल के कवि थे- 1

(A) आदिकाल (B) भक्तिकाल

(C) रीतिकाल (D) आधुनिक काल।

modelpaper.info

9. निम्नलिखित में से शुक्ल-युग के लेखक <u>नहीं</u> हैं- 1

(A) मोहन राकेश (B) प्रसाद

(C) आचार्य शुक्ल (D) कमलेश्वर।

10. भूषण किस युग के कवि हैं- 1

(A) आदिकाल (B) रीतिकाल

(C) भक्ति काल (D) आधुनिक काल।

11. करूण रस का स्थायी भाव होता है- 1

(A) शोक (B) हास

(C) बीभत्स (D) उत्साह

12. 'जीवन-तरू की महिमा न्यारी' पंक्ति में कौन-सा अलंकार है- 1

(A) यमक (B) श्लेष

(C) उपमा (D) रूपक।

13. "जिन अपनों तन स्वर्ण, मेलि तपोमय अग्नि मैं।
कीन्हों उत्तमवर्ण, तेई बिश्वामित्र ये।।" पद्यांश में छंद है? 1

(A) सोरठा (B) दोहा

(C) बरवै (D) सवैया।

14. 'अ' उपसर्ग युक्त शब्द **<u>नही</u>** है- 1

(A) अ (B) अन्

(C) अन (D) अन्य।

15. 'नीलाम्बुज' में समास है- 1

(A) द्वन्द्व (B) बहुब्रीहि

(C) कर्मधारय (D) अव्ययीभाव।

16. निम्नलिखित में से 'वायु' का पर्यायवाची शब्द है- 1

(A) अनल (B) अनिल

(C) पावक (D) ज्वाला।

17. 'तव्' का विभक्ति और वचन है- 1

(A) प्रथमा, एकवचन (B) द्वितीया, बहुवचन

(C) षष्ठी, एकवचन (D) सप्तमी, द्विवचन।

18. रचना के आधार पर वाक्य के कितने भेद होते हैं- 1

(A) दो (B) तीन

(C) चार (D) पाँच।

19. 'भाववाच्य' में किसकी प्रधानता होती है- 1

modelpaper.info

(A) कर्त्ता की (B) कर्म की

(C) क्रिया की (D) इनमें से कोई नहीं।

20. विकारी पद नहीं है- 1

(4) गाय (B) सभा

(C) प्रतिदिन (D) रमेश।

## खण्ड 'ब' वर्णनात्मक प्रश्न-

1. निम्नलिखित गद्यांशों पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 3×2=6

(क) रोहतास-दुर्ग के प्रकोष्ठ में बैठी हुई युवती ममता, शोण के तीक्ष्ण गम्भीर प्रवाह को देख रही है। ममता विधवा थी। उसका यौवन शोण के समान ही उमड़ रहा था। मन में वेदना, मस्तक में आँधी, आँखों में पानी की बरसात लिये, वह सुख के कटक-शयम में विकल थी। वह रोहतास-दुर्गपति के मन्त्री चूड़ामणि की अकेली दुहिता थी, फिर उसके लिये कुछ अभाव होना असम्भव था, परन्तु वह विधवा थी-हिन्दू-विधवा संसार में, सबसे तुच्छ निराश्रय प्राणी है-तब उसकी विडम्बना का कहा अन्त था ?

(i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिये।

(ii) रेखांकित अंशों की व्याख्या कीजिए।

(iii) उपयुक्त गद्यांश में हिन्दू-विधवा की स्थिति कैसी है?

पहले पहाड़ काटकर उसे खोखला कर दिया गया, फिर उसमें सुन्दर भवन बना लिये गये जहाँ खम्भों पर उभारी मूरतें विहँस उठी। भीतर की समूची दीवारें और छतें रगड़कर चिकनी कर ली गई और तब उनकी जमीन पर चित्रों की एक दुनिया ह बसा दी गई है। पहले पलस्तर लगाकर आचार्यों ने उन पर लहराती रेखाओं में चित्रों की काया सिरज दी, फिर उनके चेले कलावन्तों ने उनमें रंग भरकर प्राण फूंक दिये। फिर तो दीवारे उमग उठी, पहाड़ पुलकित हो उठे।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिये।

(ii) रेखांकित अंशों की व्याख्या कीजिए।

(iii) पहाड़ों को जीवन्त कैसे बनाया गया है? गद्यांश के आधार पर स्पष्ट कीजिये।

2. निम्नलिखित पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 3×2=6

(क) रानी में अजानी महा, पवि पाहन हूँ, ते कठोर हियो है।
राजहु काज अकाज न जान्यों, कहाँ तिय को जिन कान कियो है।।
ऐसी मनोहर मूरति में, बिछुरे कैसे प्रीतम लोग जियो हैं?।
आँखिन में, सखि ! राखिबे जोग, इन्हें किमि कै बनवास दियो है?।।

(i) उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिये।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिये।

(iii) राजादशरथ के विषय में ग्रामीण स्त्री का क्या कहना है?

(ख) चाह नहीं मैं सुरबाला के गहनों में गूँथा जाऊँ,
चाह नहीं प्रेमी-माला में विंध प्यारी को ललचाऊँ,
चाह नहीं सम्राटों के शव पर हे हरि डाला जाऊँ,
चा नहीं देवों के सिर पर चढ़ूँ, भाग्य पर इठलाऊँ,
मुझ तोड़ लेना वनमाली, उस पथ पर देना तुम फेंक।
मातृ-भूमि पर शीश चढ़ाने, जिस पथ जावे वीर अनेक ।।

(i) उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिये।

(iii) पुष्प किसमें गौरव का अनुभव करता है?

23. निम्नलिखित संस्कृत गद्यांशों में किसी एक का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिये - 2+3=5

(क) अस्माकं संस्कृतिः सदा गतिशीला सर्वते । मानवजीवनं संस्कर्तुर् ए।। यथासमयं नवा नवां विचारधारां स्वीकरोति, व शक्तिं च प्राप्नोति । अत्र दुराग्रहः नास्ति यत् युक्तियुक्त कल्याणकारि च तदत्र सहर्ष गृही भवति । एतस्याः गतिशीलतायाः रहस्यं मानवजीवनस्य शाश्वतमूल्येषु निहितम्, तद् यथा सत्यस्य प्रतिष्ठा, सर्वभूतेषु समभावः विचारेषु औदार्यम्, आचारे दृढ़ता चेति ।

(ख) वाराणस्यां प्राचीनकालादेव गेहे-गेहे विद्यायाः दिव्यं ज्योतिः द्योतते। अधुनाऽपि अत्र संस्कृतवाग्धारा सततं प्रवहति, जनानां ज्ञानं चे वर्धयति। अत्र अनेके आचार्याः मूर्धन्याः विद्वांसः वैदिकवाङ्गयस्य अध्ययने अध्यापने च इदानीं निरताः।

(ख) निम्नलिखित संरकृत पद्यांशों में से किसी एक का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए-

(i) हतो प्राप्स्यसि स्वर्ग जित्वा वा भोक्ष्यसे महीम्।
निराशीनिर्ममो भूत्वा युध्यस्व विगतज्वरः ।।

(ii) धान्यानामुत्तमं दाक्ष्यं धनानामुत्तंम श्रुतम्।
लाभानां श्रेयं आरोग्यं सुखानां तुष्टिरूत्तमा ।।

4.अपने पठित खण्डकाव्य का कथानक अपने शब्दों में लिखिये।

अथवा

अपने पठित खण्डकाव्य के प्रमुख पात्र का चरित्र-चित्रण कीजिये।

5.(क) निम्नलिखित लेखकों में से किसी एक लेखक का जीवन परिचय देते हुये उनकी एक प्रमुख रचना का उल्लेख कीजिये -

3+2-5

(i) जयशंकर प्रसाद

modelpaper.info

(ii) डा० राजेन्द्र प्रसाद

(iii) रामधारी सिंह दिनकर।

(ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी एक कवि का जीवन परिचय देते हुये उनकी एक प्रमुख रचना का उल्लेख कीजिये-3+2=5

(i) सूरदास

(ii) विहारीलाल

(iii) सुमित्रानन्दन पन्त ।

7. अपनी पाठ्य-पुस्तक के संस्कृत खण्ड से कठस्थ किया कोई एक श्लोक लिखिए, जो इस प्रश्न-पत्र में न आया हो।

8. भाई की शादी में शामिल होने के लिये तीन दिन के अवकाश हेतु प्रधानाचार्य जी को। प्रार्थना पत्र लिखिये। 4

अथवा

उत्तर मध्य रेलवे को एक शिकयती पत्र लिखिये जिसमें टिकट निरीक्षक द्वारा किये गये अभद्र व्यवहार का उल्लेख हो।

9. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए - 1+1=2

(i) वाराणसी कस्याः भाषायाः केन्द्रम अस्ति?

(ii) भूमेः गुरूतंर किम् अस्ति?

(iii) सदाचारेण कः वर्धते?

(iv) अभ्यासेन कि वर्धते?

10. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिये -

(i). आंतकवाद: कारण और निवारण।

(iii) विज्ञान और मानव-जीवन ।

(ii) अनुशासन की समस्या।

(iv) राष्ट्र-निर्माण में नारी का योगदान।

modelpaper.info